जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 6828/ 2024 दिनांकः13 अगस्त, 2024

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया परिसर में **शैक्षणिक सत्र 2024–25 में एम0एस–सी0–(कृषि)– हार्टिकल्चर तथा एम0एस–सी0–(कृषि)– एग्रोनॉमी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 26 जुलाई, 2024 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइटः– www.jncu.ac.in पर अपलोड किया जा चुका है।** सम्बन्धित अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक तथा जन्म तिथि सब्मिट करते हुए अपना परिणाम देख सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग प्रक्रिया **दिनांक 16 अगस्त, 2024 से 20 अगस्त, 2024 तक विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित हजारी प्रसाद अकादमिक भवन में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे के मध्य सम्पन्न की जानी है।** तद्नुक्रम में उक्त अभ्यर्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त प्रपत्रों के साथ उक्त तिथि एवं स्थान पर समयानुसार उपस्थित होकर प्रवेश सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्रः–

- प्रवेश पंजीकरण एवं आवेदन पत्र।
- समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- दो पासपोर्ट साइज फोटो।
- आधार कार्ड एवं उसकी छाया प्रति।
- अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0 / माइग्रेशन) एवं चरित्र प्रमाण पत्र मूलरूपेण।
- बैंक पासबुक की छाया प्रति।
- आरक्षण / भारांक का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत मूल प्रमाण–पत्र साथ लायेंगे। उक्त के अभाव में आरक्षण / भारांक का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

नोटः– *काउन्सलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। काउन्सलिंग के बाद ही सम्बन्धित विषय / पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जायेगी, जिसका यथानिर्धारित शुल्क काउन्सलिंग के पश्चात केवल आनलाईन माध्यम से ही देय होगा।*

भवदीय,

डॉ0 (प्रियंका सिंह)	**डॉ0 (पुष्पा मिश्रा)**	**(एस0एल0पाल)**
संयोजक प्रवेश प्रकोष्ठ	**निदेशक, शैक्षणिक**	**कुलसचिव**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com